INDORE EXPRESS
EYE OF NEW VESION

किंगफिशर की नकली पानी की बोतलें बनाने वाली फैक्ट्री पर कार्रवाई

Deepak Sungra - indoreexpress.com 01-Jun-2017 04:00 am

इंदौर (राहुल बड़)।
किंगफिशर कंपनी की नकली पानी की बोतलें बनाने वाली फैक्ट्री के खिलाफ खाद्य और औषधि विभाग ने कार्रवाई की है। देर रात तक 75 हजार बोतलें मिली थी। विभाग द्वारा सेम्पल लिए गए थे जो फेल हो गए थे। फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।
इंदौर की श्रीजी और निर्मल ब्रेवरीज एण्ड फूड के डायरेक्टर द्वारा पानी की नकली बोतलें बनाई जा रही थी। यह बोतलें किंगफिशर कंपनी के नाम से बन रही थी। धार जिले के करसालाखुर्द गांव में यह फैक्ट्री है। खजराना के क्लासिक पूर्णिमा निवासी श्रीजी ब्रेवरीच एण्ड फूड के डायरेक्टर विपिन सिंह पिता दिग्विजय, राजेश पिता रमाकांत, जगदीश दुबे, यमुना दुबे, देवास के अमित दुबे मिलकर यह काम कर रहे थे। खाद्य और औषधि विभाग ने सेम्पल लिए और जांच में फेल हो गए। यूबी कंपनी के बैंगलोंर स्थित आफिस को विभाग ने पत्र लिखकर जानकारी मांगी तो कंपनी के मालिक और अधिकारियों को झटका लगा।

Source: http://www.indoreexpress.in/news-detail.php?news=MjAwOA==&name